हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 25 जनवरी, 2024

तापमान
अधिकतम 13 .4 डिग्री
न्यूनतम 5 .4 डिग्री

13 शादी में दिया संदेश : छोरा हो या छोरी, सबका वोट...



14 एडवेंचर कैंप से लौटी स्वयंसेविका भावना



## खबर संक्षेप



### नागरिक अस्पताल में पांच व्हीलचेयर दी

**सोनीपत।** दिव्यांग और जरूरतमंद बीमार लोगों के लिए अकबरपुर बारोटा के रहने वाले सौरभ ने बुधवार को पांच व्हीलचेयर डोनेट की। नागरिक अस्पताल के पीएमओ डा. लोकवीर को ये पांचों व्हीलचेयर सौंपी। प्रधान चिकित्सक अधिकारी ने कहा कि आमजन को जनसेवा के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान डा. संदीप लठवाल, डा. गिन्नी लांबा आदि मौजूद रहे।

### गन्नौर में युवक पर चाकूओं से हमला

**गन्नौर।** लल्हेड़ी कला गांव में एक युवक पर गांव के ही दो युवकों ने चाकुओं से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमला करने के बाद हमलावर उसे जान से मारने की धमकी भी दे कर गए। घायल ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में लल्हेड़ी कला गांव के मनजीत ने बताया कि 23 जनवरी को वह अपने घर के पास टहल रहा था। गांव के कुलदीप व नवीन ने उस पर अचानक चाकुओं से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। जब उसने शोर मचाया तो लोगों को देख दोनों भाग गए।

### सांझा मोर्चा की तरफ से एक दिवसीय हड़ताल का किया गया था आह्वान

# रोडवेज कर्मियों की हड़ताल का असर नहीं, विभिन्न रुटों पर दौड़ीं 122 बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में सांझा मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल बेअसर रही। सोनीपत बस डिपो से तड़के ही बसों का विभिन्न रूटों पर परिचालन शुरू हो गया था। रोडवेज कर्मचारी तड़के करीब चार बजे यूनियन कार्यालय के सामने हड़ताल पर बैठ सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। दोपहर तक लगभग सभी कर्मचारी काम पर लौट गए। जबकि साझा मोर्चा के पदाधिकारी हड़ताल पर रहे। वहीं गोहाना सब डिपो में सुबह के समय बसों का चक्का पूरी तरह जाम रहा। निजी बसों को बस अड्डे पर प्रवेश नहीं दिया गया। जिससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। सोनीपत में हड़ताल के बेअसर होने का पता लगने के बाद कर्मचारी नरम पड़ गए। हड़ताल के बीच विभिन्न रूटों पर दोपहर बाद तक 122 बसें दौड़ी, इनमें गोहाना सब डिपो से 10 बसें शामिल रही।

बता दें कि हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा ने लंबित 16 मांगों को लेकर 24 जनवरी को एक दिवसीय हड़ताल की घोषणा की थी। जिनमें मुख्य रूप से 265 मार्गों पर परमिट देने की योजना को रद्द करने, परिचालक, चालक, लिपिकों सहित सभी प्रकार की वेतन विसंगतियों को दूर करने, 1992 से 2003 के मध्य लगे सभी कर्मचारियों की नियुक्ति तिथि से पक्का करने सहित अन्य मांगे शामिल रही। सरकार की तरफ से मांगों पर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाने से नाराज रोडवेज कर्मचारियों ने बुधवार को हड़ताल कर सरकार के खिलाफ रोष जताने का निर्णय लिया था। लेकिन सांझा मोर्चा की हड़ताल बेअसर रही।



**सोनीपत।** दिल्ली रूट पर बस में बैठते यात्री। *फोटो : हरिभूमि*

### सामान्य दिन की तरह ही बसें चलीं

जिले में कर्मचारियों की हड़ताल का परिवहन सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा है। सभी रूटों पर सामान्य दिन की तरह ही बसें चली है। बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधाएं दी गई हैं। गोहाना सब डिपो से भी दोपहर तक बसों का परिचालन शुरू करवा दिया था।

**-राहुल जैन**
महाप्रबंधक, रोडवेज डिपो, सोनीपत।

### प्रबंधन ने उतरवा दिया था मुख्य गेट

हड़ताल का जिले में असर नजर नहीं आया। साझा मोर्चा के आह्वान पर 24 जनवरी की हड़ताल को सफल बनाने के लिए रोडवेज कर्मचारियों ने मंगलवार को बैठक कर अपनी तैयारियों पुख्ता किया था। वहीं रोडवेज अधिकारियों ने भी बस सेवाएं बहाल रखने के लिए रणनीति तैयार की थी। जिसके तहत बस अड्डे के प्रवेश द्वार का मुख्य गेट उतरवा दिया, ताकि कर्मचारी गेट बंद ना कर सकें।

### सोनीपत से 24 तो गोहाना से 110 कर्मी रहे हड़ताल पर



**सोनीपत।** बस स्टैंड का उतारा गया गेट।

सोनीपत रोडवेज बेड़े में 215 बसें शामिल हैं। इसमें सोनीपत बस अड्डे पर 141 और गोहाना में 74 बसें हैं। कर्मचारियों की हड़ताल के बीच दोपहर बाद तक सोनीपत बस अड्डे से 112 बसें, जबकि गोहाना बस अड्डे से दोपहर बाद तक 10 बसें सड़कों पर उतारी गई थी। सोनीपत बस अड्डे पर 24 कर्मचारी ही हड़ताल में शामिल हुए इनमें 16 परिचालक व आठ चालक शामिल हैं। वहीं गोहाना में 110 कर्मचारी हड़ताल में शामिल रहे। इनमें 63 चालक व 67 परिचालक शामिल रहे।

### गोहानाः 265 मार्गों पर प्राइवेट परमिट देने का किया विरोध

**गोहाना।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को गोहाना सब डिपो में कर्मचारियों ने बसों का चक्का जाम कर दिया, जिससे यात्री परेशान हुए। कर्मचारियों ने सुबह चार बजे धरना शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने 265 मार्गों पर प्राइवेट परमिट देने का विरोध किया। सुबह चार बजे रोडवेज के कर्मचारी बस स्टैंड पर पहुंचे और बसों का परिचालन बंद करके धरना शुरू कर दिया। देर शाम तक धरना दिया गया। गोहाना बस स्टैंड से रोजाना लगभग 12 हजार यात्री विभिन्न रूटों पर सफर करते हैं। यात्री बस स्टैंड परिसर के अंदर जाते और निराश होकर बाहर निकल आते। बस स्टैंड के बाहर से प्राइवेट बसों में बैठकर सफर किया। मोर्चा के सदस्य अशोक खोखर ने कहा कि सरकार 265 मार्गों पर परमिट देने की योजना को वापस ले और वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए। कर्मचारियों के देय अर्जित अवकाश कटौती के आदेश को वापस लिया जाए।

# शाहपुर-बड़ौत रोड पर पनप रही अवैध कालोनियों पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** अवैध कालोनी में हुए निर्माण को ढहाती जेसीबी।

जिला नगर योजनाकार की टीम ने बुधवार को शाहपुर-बड़ौत रोड पर पनप रही अवैध कालोनियों में कार्रवाई करते हुए पीला पंजा चलाया और अवैध निर्माण को ढहा दिया। उपायुक्त मनोज कुमार के आदेश पर एटीपी अनिल कुमार, जेई सुमित व अन्य पदाधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध रूप से भरी प्लाटों की नींव को गिराना शुरू कर दिया। इस दौरान टीम ने 3 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी में बनाई गई 6 डीपीसी को ध्वस्त करवा दिया। जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार ने लोगों से अपील करते हुए बताया कि नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें और अवैध कॉलोनी में कोई प्लॉट न खरीदें।

# एनिडेस्क डाउनलोड करवा खाते से निकाले एक लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

**ठगी का पता लगा तो साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की**

**एक दिसंबर को फ्लिपकार्ट पर अपने कार्ड से खरीदारी की थी**

बड़ी गांव एक व्यक्ति को फ्लिपकार्ट का गूगल पर कस्टमर केयर सर्च कर संपर्क करना महंगा पड़ गया। शातिर ठगों ने उसके मोबाइल में एनिडेस्क एप डाउनलोड करवा कर उसके बैंक खातों से करीब दो लाख रुपये निकाल लिए।

बैंक खातों से रुपये निकलने के बाद उन्हें ठगी का पता लगा तो साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत करने पर उनका एक लाख रुपया होल्ड पर रखवा दिया गया। इसके बाद व्यक्ति ने मामले की शिकायत बड़ी थाना में दी। शिकायत में बड़ी गांव के भुपेंद्र सिंह ने बताया कि 1 दिसंबर 2023 को उसने फ्लिपकार्ट पर अपने कार्ड से खरीदारी की थी। जिसमें उसे परेशानी हुई तो उसने फ्लिपकार्ट के कस्टमर केयर पर काल की। कस्टमर केयर ने उसे एक मोबाइल नंबर दिया, जिस पर उसने काल किया। मोबाइल पर बात करने वाले व्यक्ति ने उसके फोन में एनिडेस्क एप डाउनलोड करवा दिया। जिसके बाद 2 दिसंबर को उसके एसबीआई के खाते से 99 हजार 999 रुपये कट गए। अगले दिन 3 दिसंबर को पहले उसके बैंक आफ बरोदा के खाते से 1 रुपया कटा और उसके बाद फिर से 99 हजार 999 रुपये कट गए। उन्होंने बताया कि साइबर हेल्पलाइन में शिकायत करने के बाद बैंक आफ बरोदा का एक लाख अभी होल्ड पर हैं। पुलिस ने भुपेंद्र की शिकायत पर ठगी का केस दर्ज किया है।

### वीडियो कांफ्रेंस से जुड़े मुख्यमंत्री मनोहर लाल और सांसद रमेश कौशिक ने हटाया पर्दा

# 174 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन

**सोनीपत में बनेंगे पांच प्रवेश द्वार और गन्नौर में किया अगवानपुर फाटक पर बनने वाले आरओबी का शिलान्यास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिले की करीब 174 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं सहित प्रदेश की 153 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में सांसद रमेश कौशिक ने नौ विकास परियोजनाओं का विधिवत शिलान्यास व लोकार्पण किया। सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि सोनीपत जिला विकास पथ पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। रेल परियोजनाओं की विशेष सौगात सोनीपत को मिली है।

साथ ही अब बठिंडा तक के सफर करने के लिए फरक्का एक्सप्रेस की सुविधा लोगों को मिल गई है। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने अतिथि सांसद रमेश कौशिक व विधायक निर्मल चौधरी, पूर्व मंत्री कविता जैन का स्वागत किया।



**सोनीपत।** लघु सचिवालय में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का लोकार्पण करते सांसद रमेश कौशिक, साथ में विधायक निर्मल चौधरी व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### पांचों पांडवों के नाम पर सोनीपत के प्रवेश द्वार बनवाएंगे

जिन परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया है, इनमें मुरथल रोड पर 93.53 लाख रुपये से युधिष्ठिर द्वार, रोहतक रोड पर 85.20 लाख रसे भीम द्वार, बहालगढ़ रोड पर 93.27 लाख रुपये से अर्जुन द्वार, नरेला रोड पर 83.47 लाख रुपये से नकुल द्वार और गोहाना रोड पर 88.31 लाख रुपये से सहदेव द्वार का निर्माण शामिल है। इसके साथ ही गन्नौर में अगवानपुर रेलवे फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। जिस पर करीब 19 करोड़ 2 लाख खर्च होंगे। सांसद ने आरओबी के निर्माण के लिए शिलान्यास किया।

### सीवर व जलापूर्ति व्यवस्था का लोकार्पण किया

सांसद रमेश कौशिक ने शहर में 90.81 करोड़ से मजबूत की गई सीवरेज व्यवस्था का लोकार्पण किया। 58 करोड़ रुपये से चालू की गई जलापूर्ति व्यवस्था का उद्घाटन किया। उन्होंने महलाना रोड पर 1.30 करोड़ रुपये से स्वर्ण जयंती पार्क का भी लोकार्पण किया। इस दौरान जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी जितेंद्र शर्मा, निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, अतुल जैन, कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग, अजय निराला, पंकज सैनी, सहायक अभियंता नरेंद्र सिंह, देवेंद्र खासा, सोमबीर भी मौजूद रहे।

### 10वीं के बच्चों ने दिया अंग्रेजी का पेपर, तो 12वीं ने हिंदी की परीक्षा दी

**विद्यार्थियों की तैयारियों को परख रहा शिक्षा विभाग**

# प्री-बोर्ड परीक्षाएं शुरू, पहले दिन अंग्रेजी और हिंदी का पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय विद्यालयों की बोर्ड कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की बोर्ड की तैयारियों को परखने के लिए शिक्षा विभाग को दूसरी बार प्री-बोर्ड की परीक्षाएं ली जा रही हैं। बुधवार को प्री-बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हुई। पहले ही दिन 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। बोर्ड परीक्षा के पैटर्न पर आयोजित दूसरी प्री-बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 10वीं कक्षा का अंग्रेजी विषय तो 12वीं कक्षा का हिंदी विषय का पेपर हुआ।

तीन घंटे की परीक्षा में विद्यार्थियों बेहतर तरीके से संपन्न करवाने के लिए शिक्षा अधिकारियों ने विभिन्न स्कूलों में जाकर निरीक्षण किया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 27 फरवरी से से शुरू होंगी। बोर्ड कक्षाओं के परीक्षा परिणाम को सुधारने के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से एक माह के अंतराल पर दूसरी बार 10वीं व 12वीं कक्षा की प्री-बोर्ड परीक्षा ली जा रही है। दूसरी बार परीक्षा लेने का उद्देश्य विद्यार्थियों की कमी का पता लगाकर उन्हें दूर करना है। शिक्षा अधिकारियों की मानें तो दूसरी प्री बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों को वार्षिक परीक्षा में आने वाले प्रश्न पत्र के पैटर्न के आधार पर तैयार किया गया है। जिससे विद्यार्थियों के मन से बोर्ड परीक्षाओं का डर खत्म किया जा सके।

### आज होगा विज्ञान, जीवन विज्ञान का पेपर



दूसरी प्री-बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन वीरवार को 10वीं कक्षा का विज्ञान विषय और 12वीं कक्षा का जीव विज्ञान, राजनीति विज्ञान व लोक प्रशासन विषय का पेपर होगा। सभी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी करने के निर्देश दिए हैं, ताकि वार्षिक परीक्षा परिणाम को सुधारा जा सके।

### मेल पर भेजे थे प्रश्नपत्र

दूसरी प्री बोर्ड परीक्षा के लिए सभी स्कूलों में मेल आईडी पर प्रश्न पत्र भेज दिए थे। स्कूल संचालक की तरफ से इन प्रश्न पत्रों को प्रिंट करवा कर विद्यार्थियों को दिया गया। उत्तर पुस्तिका की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी भी स्कूलों को ही दी गई है। इसके लिए स्कूलों में पहले ही विद्यार्थी संख्या के अनुसार बजट जारी कर दिया था।

### परीक्षाओं के बेहतर संचालन के लिए टीमें गठित

दूसरी प्री बोर्ड परीक्षाएं बुधवार को शुरू हो गई हैं। परीक्षाओं के बेहतर संचालन के लिए टीमें गठित की गई है, जो स्कूलों में जाकर निरीक्षण करेंगी। परीक्षा के परिणाम के आधार पर विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर का मूल्यांकन जांचा जाएगा, जिसके आधार पर उनकी तैयारी करवाई जाएगी।

**-नवीन गुलिया,** जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत



## खबर संक्षेप

### एडवाकेट आनंद छिक्कारा बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**सोनीपत।** एडवोकेट आनंद छिक्कारा को राहुल गांधी विचार मंच कांग्रेस का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आनंद छिक्कारा ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कोच का आभार जताया।ß

### फैक्ट्री से मोटर व लोहे का सामान चोरी, केस

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जटवाड़ा में वाल्मीकि मंदिर के पास फैक्टरी से चोर लोहे का सामान, स्टार्टर मोटर व पानी की मोटर चोरी कर ले गए। फैक्टरी मालिक ने एक युवक पर चोरी का शक जताया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### गोशाला की चारदीवारी तोड़कर ट्रैक्टर चोरी

**गोहाना।** मुंडलाना गांव स्थित श्री कृष्ण वासुदेव गोशाला से चोर चारदीवारी तोडकर ट्रैक्टर चोरी कर ले गए। इसको लेकर गोशाला के अध्यक्ष ने गोहाना सदर थाना में शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया।

### घर से आभूषण और नकदी चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की ब्रह्म कॉलोनी स्थित मकान से हजारों रुपये की राशि, जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर युवक पर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रहीहै। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सोनीपत।** अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर गांव राठधाना के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। राठधाना ईसीएम से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी सोनीपत ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है।

### आमरण अनशन के दौरान तबीयत बिगड़ी

**सोनीपत।** आरक्षण और दलित एक्ट के खिलाफ राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के महासचिव रविंद्र जठेड़ी का आमरण अनशन जारी है। आमरण अनशन के 115वें दिन रविंद्र जठेड़ी की हालत बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### शिक्षकों का दूसरे दिन भी जारी रहा धरना

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर दूसरे दिन भी शिक्षकों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। शिक्षको को पदोन्नति के लिए एक वर्ष से इंतजार करना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक इसका विरोध कर रहे है।

### ऑटो मिस्त्री पर हमले करने के दोषी पहुंचे जेल

# अदालत ने चार दोषियों को सुनाई पांच-पांच साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



सदर गोहाना थाना क्षेत्र में ऑटो मिस्त्री को गोली मारकर घायल करने की वारदात में शामिल चार आरोपितों को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल सपरा की अदालत ने दोषियों को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई है। चारों दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना भी किया है। जुर्माना न देने पर छह माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी।

गांव रभड़ा निवासी हरिकिशन ने 23 अप्रैल, 2021 को सदर थाना गोहाना पुलिस को बताया था कि उनका बेटा सतपाल (37) ऑटो मिस्त्री का काम करता है। हरिकिशन ने पुलिस को बताया था कि उनकी गांव के कर्ण सिंह के परिवार से रंजिश है। सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह अपने भाई रामकुमार के साथ खेत से वापस लौट रहे थे। उन्हें सतपाल गांव में फिरनी पर खड़ा मिला। वह गोहाना जाने की तैयारी में था। रामकिशन का कहना है कि उसी समय गांव रभड़ा के बलजीत, आशीष, अंकित सुपारी तथा जींद के गांव भागखेड़ा के मनीष उर्फ कुक्कू समेत अन्य ने उनके बेटे सतपाल पर गोलियां बरसा दी थी। आरोपितों ने चार-पांच गोलियां चलाई और सतपाल गोली लगने से घायल हो गया था। हरिकिशन अपने भाई व अन्य परिजनों के साथ सतपाल को लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचे थे। जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया था। पुलिस ने हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया था। गांव रभड़ा में शराब कारोबारी ऋषिपाल उर्फ रशिया की हत्या के बाद से रंजिश शुरू हो गई थी। मामले में कार्रवाई करते हुए तत्कालीन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कर्मजीत सिंह की टीम ने आरोपित गांव रभड़ा के बलजीत, आशीष, अंकित सुपारी व जींद के गांव भागखेड़ा के मनीष को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में एएसजे विमल सपरा की अदालत ने चारों को दोषी करार दिया। अदालत ने बुधवार को चारों दोषियों को हत्या की कोशिश सजा सुनाई।

## हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

***अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा***

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

- एक आरोपित को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

बहालगढ़ थाना पुलिस ने हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नवीन उर्फ सोनू निवासी पलड़ा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव नांदनौर निवासी कलीराम ने गत 6 नंवबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने गत 4 नवंबर को हरिश व ओमकुवार के साथ दुकान पर बैठा हुआ था। उसी दौरान प्रवीन आया। उसके साथ कहासुनी करने लगा। उसने बचाव किया तो उसके साथ झगड़ा करने लगा। बीच-बचाव करने के बाद वहां से चला गया। कुछ देकर बाद फिर से प्रवीन, सोनू, टिंकू, व दो अन्य व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आए। उनके हाथ में सरिया, चाकू व पिस्टल थी। उन्होंने आते ही डंडा स सरिया लाठी डंडों से चोटे मारी। उसे घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के बाद छुट्टी दे दी। मामे को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

पुलिस ने इस संबंध में बहालगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपित प्रवीन को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## हिन्दू प्राइमरी स्कूल में बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित



सोनीपत। भारतीय सेवा संघ की तरफ से गुड़मंडी स्थित हिंदू प्राइमरी स्कूल में श्रीराम मंदिर के निर्माण के उपलक्ष में बच्चों को गर्म वर्दी वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 101 छात्र-छात्राओं को विद्यालय की गर्म वर्दी, जर्सी व जूतें आदि वितरित किए गए। समारोह के दौरान मंडी के महासचिव प्रदीप बंसल ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 101 छात्र-छात्राओं को जर्सी, जूते, पेंट आदि वितरित किए गए। इस मौके पर मुख्य रूप से भारतीय सेवा संघ के कोषाध्यक्ष राजेश बंसल, पार्षद अतुल जैन, रमेश जैन, मुख्याध्यापक अनिल खत्री सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## अजीत ऑल इंडिया पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन के प्रधान चुने गए



खरखौदा। चुने गए पदाधिकारियों को शपथ दिलाते चुनाव अधिकारी प्रतीक पाराशर।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

विद्युत निगम कार्यालय में ऑल इंडिया पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन का त्रिवार्षिक चुनाव कराया गया। जिसमें खरखौदा व सब डिवीजन सैदपुर के पदाधिकारियों को चुना गया। चुना अधिकारी प्रतीक पाराशर ने बताया कि खरखौदा मंडल से अजीत को प्रधान, प्रदीप को उप प्रधान, रोशन को सचिव, धर्मवीर को कैशियर, संदीप व इकबाल को संगठनकर्ता चुना गया है।

उधर, सब डिवीजन सैदपुर की कार्यकारिणी में पदम को प्रधान, विकास को उप प्रधान, आनंद को सचिव, अमित को कैशियर, कृष्ण व विक्की को संगठनकर्ता चुना गया है।

## नेता जी की जयंती पर तिरंगा यात्रा निकली

**गोहाना।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल लोगों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए लोगों को राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया।

तिरंगा यात्रा के लिए मार्गदर्शरन नगर परिषद चेयरमैन पद के पूर्व प्रत्याशी अरुण निनानिया का रहा। उन्होंने कहा कि देश के शहीद हमारी शान हैं। हमें शहीदों के पदि्चहनों पर चलते हुए अपने राष्ट्र की मजबूजी के लिए काम करना चाहिए। वे बोले कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक है। वे देशभक्ति की जीती जागती मूर्त थे। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने देश को विकास के पथ पर ले जाना चाहिए।

## पूर्व सीएम स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर को किया याद



**गोहाना।** बिहार के दो बार सीएम रहे कर्पूरी ठाकुर देश के आजाद होने से पहले दो बार तथा बाद में 18 बार जेल गए। बुधवार को यह खुलासा आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया।

दांगी महम रोड पर उत्तम नगर में स्थित सैनभगत धर्मशाला में स्व. कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मरणोपरांत कर्पूरी ठाकुर को भारत सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित करने पर हर्ष व्यक्त किया गया। मुख्य वक्ता आजाद सिंह दांगी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी 1924 को समस्तीपुर के पितोझिया में हुआ। वह सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। वह स्वाधीनता सेनानी के साथ शिक्षक भी थे। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह पिछड़ी जातियों को हर स्तर पर 27 प्रतिशत का राजनीतिक आरक्षण प्रदान करे। इस अवसर पर डॉ. सुभाष सैन, दिलबाग बाजवान, भीम सैन, सुरेश पवार, जगमहेंद्र बाजवान, राजपाल कश्यप, मुखत्यार सिंह दांगी, राम निवास पांचाल, धर्मबीर सैन और जय सिंह सैन आदि भी मौजूद रहे।

# चोरों का आतंक, अलग-अलग जगहों से बिजली के तार चोरी

- किसानों ने मामले को लेकर पुलिस को दी शिकायत, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

मुरथल थाना क्षेत्र में स्थित किसानों के खेतों में चोरों का आंतक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों ने किसानों के खेतों से बिजली के उपकरणों सहित तारों सहित अन्य सामान को चोरी कर लिया। किसानों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में चोरों की वारदातों से किसान पेरशान है। गांव मलिकपुर निवासी राकुमार ने बताया कि उसने गांव के वेदप्रकाश के खेत को ठेके पर ले रखा है। खेत में टयूबैल भी लगा रखा है। गत 22/23 की रात को किसी ने खेत में बने कोठरें से चारपाई व अन्य सामान में आग लगा दी। उसके बाद कोठरे के अंदर से बिजली के स्टाटर, ग्रीफ, केबल मीटर की तारों को चोरी कर लिया। जानकारी मिली कि चोरों ने सात-आठ पड़ोसियों के खेतों से भी सामान चोरी किया है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिजली की मोटर ले उड़े

खरखौदा। झरोठ गांव में खेतों में ट्यूबवेल पर लगी कई किसानों की बिजली की मोटर चोरी हो गई हैं। किसान जवाहर सिंह ने बताया कि वह अपने खेतों में पानी देकर घर लौट आया था। शाम के समय जब वह खेत में गया तो उसे ट्यूबवेल पर लगी बिजली की मोटर नहीं मिली। उसने आसपास अन्य किसानों से पूछताछ की तो उसे पता लगा कि किसान रविंद्र व बलराज की भी मोटर चोरी हो गई है। पुलिस को इस बारे में सूचना दी गई है।

# स्वास्थ्य केंद्र से दवाइयां मशीन व सामान चोरी

- केंद्र पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी के बयान पर मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव नांगल कलां स्थित स्वास्थ्य केंद्र से मशीन व दवाइयों सहित सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। केंद्र पर तैनात कर्मी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

नांगल कलां स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात सीएचओ मीतू व उषा एएनएम ने बताया कि गत 23 जनवरी को वह सेंटर पर पहुंचे। सेंटर के अंदर रखा सारा सामान बिखरा हुआ मिला। सेंटर का किसी ने दरवाजा खोलकर सामान को चोरी कर लिया। सेंटर से किसी ने शुगर जांचने की मशीन, खुन जांचने की मशीन, दवाइयां, सहित रजिस्टर को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**एम्बेसी से पहुंचें अधिकारी ने पूरी की कागजी कार्रवाई, उज्बेकिस्तान भेजा गया शव**

# चौथे दिन हुआ विदेशी युवती के शव का पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

गांव कामी स्थित रिसोर्ट में दिल्ली के युवक संग मृत मिली उज्बेकिस्तान की युवती के शव का बुधवार तीसरे पहर पोस्टमार्टम हो सका। एम्बेसी से पहुंचे अधिकारी ने कागजी कार्रवाई पूरी की और शव का पोस्टमार्टम कराया। शव को उज्बेकिस्तान भेजा जाएगा। एम्बेसी अधिकारी युवती के परिजनों के संपर्क में हैं। एक दिन पहले खरखौदा एसीपी ने एम्बेसी जाकर अधिकारियों से मुलाकात की थी।

दिल्ली के अशोक विहार स्थित नीमड़ी कॉलोनी निवासी हिमांशु (26) और दिल्ली में रहने वाली उज्बेकिस्तान के फरगना क्षेत्र की युवती अब्दुलेवा मख्लिओ (32) ने रविवार की रात कामी गांव स्थित मेरा गांव, मेरा देश रिसोर्ट में कमरा बुक किया था। सोमवार तड़के रिसोर्ट में कर्मियों के पास एक महिला की कॉल आई थी। उन्होंने खुद को अब्दुलेवा मख्लिओ की चचेरी बहन बताते हुए कहा था कि वह उनकी कॉल रिसीव नहीं कर रही है। जिसके बाद कमरा खोलने पर अंदर बाथरूम के पास हिमांशु व बिस्तर पर युवती का शव मिला था। पुलिस ने युवक का पोस्टमार्टम करा दिया था। युवती का शव पोस्टमार्टम हाउस में ही रखा था। जिसके बाद एसीपी जीत सिंह उज्बेकिस्तान एम्बेसी पहुंचे थे। अधिकारियों से मिलने के बाद बुधवार को एम्बेसी अधिकारी अजय मंडल सोनीपत नागरिक अस्पताल पहुंचे। इसके बाद कार्रवाई पूरी हुई।

### एम्बेसी के अधिकारी ले गए शव

उज्बेकिस्तान एम्बेसी से अधिकारी के बाद कागजी कार्रवाई कर युवती के शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। एम्बेसी अधिकारी शव को ले गए हैं। मौत के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

-इंस्पेक्टर कर्मजीत सिंह, थाना प्रभारी, सदर सोनीपत

## युवक से मारपीट पर मामला दर्ज

**खरखौदा।** फरमाना गांव में दो युवकों ने एक युवक को पीट कर घायल कर दिया। फरमाना निवासी मोनू ने बताया कि रात को करीब 11 बजे वह अपने मकान में था। उसी समय किसी ने दरवाजा खटखटाया। जब उसने दरवाजा खोला तो गांव के अमन व साहिल उसके साथ गाली गलौज करने लगे। उन्होंने अपनी जेब से एक पाइप नुमा लोहा निकाल कर उसके सिर पर कई वार कर दिए। झगड़े का शोर सुनकर उसका भाई विकास बीच बचाव करने के लिए आया तो उन्होंने उसके भाई को भी पीटना शुरू कर दिया। जब गली के लोग घर से बाहर आए, तो दोनों युवक ईंट फेंकने लगे। उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवा संवाद में पार्थ प्रथम व प्रशांत द्वितीय

- छोटू राम आर्य कॉलेज में एनएसएस इकाई ने करवाया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

छोटू राम आर्य कॉलेज सोनीपत में एनएसएस इकाई द्वारा युवा संवाद का आयोजन किया गया। विषय भारत विकास मास्टर प्लान 2047 रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सत्यवीर मलिक (पूर्व नॉर्थ रीजनल ऑफिसर ऑफ रिसर्च ट्रेनिंग को-ऑर्डिनेटर एनएसएस व सेवानिवृत्त प्राचार्य) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्राचार्य डॉ नरेंद्र सिंह व एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. ऊषा दहिया ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। एनएसएस यूनिट 2 के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अभिमन्यू मलिक ने युवा संवाद मंच व्यवस्था में विशेष भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में पार्थ प्रथम, प्रशांत द्वितीय और कोमल भारद्वाज तृतीय स्थान पर रहे। मंच संचालन की भूमिका प्रो. सुप्रिया व निर्णायक मंडल में प्रो. निधि व प्रो. विक्रम तुषीर शामिल रहे। इस मौके पर डॉ. ऋतू, प्रो. प्रीति, प्रो. अमरजीत, प्रो. जगदीप व प्रो. रिंकू और साथ में सभी एनएसएस वालंटियर्स उपस्थित रहे।



सोनीपत। विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

# अवैध शराब की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

राई थाना पुलिस ने अवैध शराब की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित उर्फ अरूण निवासी डाहर इसराना पानीपत हाल में कुराड़ी दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

जांच अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि गत 23 जनवरी को उनकी टीम बिस्वामील पर मौजूद थी। उसी दौरान कार को रोकने का ईशारा किया। लेकिन कार चालक गाड़ी को भगाकर ले गया। पुलिस टीम ने कार का पीछा किया। उसे बढ़खालसा के पास उसे रोकने का प्रयास किया। उसी दौरान कार से एक युवक ने भागने का प्रयास किया। कार की तलाशी ली तो कार के अंदर शराब मिली। जिसकी गिनती करने पर 139 शराब की पेटियां पव्वा देशी शराब सहित कुल 6950 पव्वे शराब मिली। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित हेमंत निवासी दिल्ली को पहले गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित रोहित को गिरफ्तार किया है।

### मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ली बैठक

# सरपंचों ने विकास कार्यों को मांगी ग्रांट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

शहर के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में बुधवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने स्थानीय अधिकारियों के साथ ही खंड के सरपंचों व ग्राम सचिवों की बैठक ली। इस दौरान सरपंचों ने गांवों के विकास कार्यों के लिए ग्रांट मांगी, जिस पर सीईओ सुशील कुमार ने कहा कि गांवों के विकास कार्य के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है, लेकिन पंचायतों के खातों में पहले से भेजे गए पैसे को खर्च नहीं किया जाता है,जब तक उक्त राशि को खर्च नहीं कर दिया जाता है, तब तक नई ग्रांट नहीं भेजी जाएगी। इस अवसर पर सीईओ सुशील कुमार ने खंड के ग्राम सचिवों व जेई को फटकारते हुए कहा कि वह काम में कोताही बरत रहे हैं और बेवजह पेमेंट रोकने का काम कर रहे हैं, वहीं एस्टिमेट तैयार करने में भी समय लग रहा है, जिससे विकास में देरी हो रही है। ऐसा अगर भविष्य में होता है तो वह कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने सरपंचों की मांग पर कहा कि प्रत्येक दो हजार की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जा सकती है,उसके मुताबिक अगर कहीं पर जरूरत है तो पंचायत उन्हें लिखकर दे सकती है। साथ ही जिस गांव में चौकीदार नहीं है इसका प्रस्ताव बनाकर भेजा जाए। उन्होंने इस दौरान सरपंचों को कहा कि गांवों में ग्राम सचिवालय, खेल स्टेडियम व ई-लाइब्रेरी बनाने की तरफ कदम बढ़ाएं।



खरखौदा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी सरपंचों व ग्राम सचिवों की बैठक लेते हुए।

# दवा विक्रेता से दस हजार रुपये की रंगदारी मांगी

- मंथली न देने पर गोली मारने की धमकी, केस दर्ज

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के सामने दवाओं की दुकानदार से तीन युवकों ने प्रति माह 10 हजार रुपये मंथली देने की मांग की। दुकानदार द्वारा मना करने पर गोली मारने की धमकी दी और आसपास की दुकानों के शटर बंद कर दिए। दुकानदार ने दुकान के पिछले हिस्से में छुपकर पुलिस को सूचना दी। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया।

गांव सेहरी के मनजीत ने पुलिस को बताया कि उसने मेडिकल कालेज के सामने दवाओं की दुकान कर रखी है। वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। उसी समय एक कार उसकी दुकान के आगे आकर रुकी। गांव खानपुर कलां का दीपक, कपिल और गांव दुभेटा का नरेंद्र कार से उतरकर उसकी दुकान पर आए। तीनों ने कहा कि यहां दुकान चलाने के लिए उसे प्रति माह 10 हजार रुपये मंथली देनी होगी। उसने मना किया तो अमन ने कहा कि गाड़ी से सामान निकालकर लाओ और उसे गोली मार देंगे। इसके बाद उसकी और आसपास की दुकानों के शटर बंद कर दिए। उसने दुकान के पिछले हिस्से में जाकर पुलिस को सूचना दी।

## खबर संक्षेप

### खाने का बिल मांगने पर कैशियर से मारपीट की

**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित एक होटल में खाने का बिल मांगने पर कैशियर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घायल कैशियर ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार बेगा गांव का जितेश रेलवे रोड पर स्थित एक होटल में बतौर कैशियर कार्यरत है।

### पूर्व नगरपालिका पार्षद को मातृशोक

**खरखौदा।** नगरपालिका खरखौदा के वार्ड 6 के पूर्व पार्षद प्रदीप सैनी की माता केला देवी का 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मंगलवार को उनकी अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार 29 को दिल्ली मार्ग स्थित निवास स्थान पर 13 वीं की रस्म होगी।

### निर्माण एजेंसी के सदस्यों व मिस्त्री के साथ मारपीट

**गन्नौर।** नगरपालिका की लालागढ़ी रोड के साथ लगती जमीन की चार दीवारी का निर्माण कार्य रूकवाने के आरोप में पूर्व पार्षद के खिलाफ एक और केस थाना गन्नौर में दर्ज हुआ है। आरोप है कि पूर्व पार्षद अशोक सैनी ने नगरपालिका की जमीन पर चार दीवारी के निर्माण के लिए एजेंसी के सदस्यों व मिस्त्री के साथ मारपीट कर है। इसके अलावा पूर्व पार्षद पर जातिसूचक शब्द कहने का भी आरोप लगा है। पुलिस ने एजेंसी के संचालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### व्यक्ति से धोखाधड़ी कर 79 हजार ठगे

**गन्नौर।** कैलाना में व्यक्ति के साथ ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में दलबीर ने बताया कि एक फोन आया। जिसमें आरोपित ने कहा कि वह पुजारी रोशन बोल रहा है उसका बच्चा बीमार हालत में अस्पताल में है। आरोपित ने कहा कि वह उनके खाते में 20,000 रुपये भेज रहा है इन रुपयों का आप खाता नंबर 2515000101291469 में भेज देना। आरोपित की बातों में आकर दलबीर ने आरोपित द्वारा दिए गए खाते में 79000 हजार रुपये अटल सेवा केंद्र से भिजवा दिए।

### फसलों की गिरदावरी का बहिष्कार करेंगे पटवारी

**सोनीपत।** पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल जारी है, जिसके चलते तहसील कार्यालय का कार्य प्रभावित हो रहा है। बुधवार को भी धरना स्थल पर पटवारियों व कानूनगों ने नारेबाजी की। सरकार से वार्ता न होने से नाराज पटवारियों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने मांगों को पूरा नहीं किया तो हड़ताल 31 तक बढ़ा सकते है। साथ ही 1 फरवरी से शुरू होने वाली फसलों की गिरदावरी का बहिष्कार करेंगे।

### डॉ. अजय चौटाला आज बरोदा पहुंचेंगे

**गोहाना।** जजपा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला 25 जनवरी को बरोदा गांव में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी जजपा के जिला प्रवक्ता जोनी लठवाल ने दी। जोनी लठवाल ने बताया कि गांव बरोदा में बाबा नमो नारायण मंदिर द्वारा तीसरे भंडारे का आयोजन किया जाएगा और रागनी कम्पीटिशन होगा। डॉ. अजय चौटाला इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

---

चुनाव तहसीलदार राजेंद्र ने बेटों की शादी में रिश्तेदारों सहित अन्य को जागरूक किया

# शादी में दिया संदेश - छोरा हो या छोरी, सभी का वोट जरूरी

राजेंद्र सिंह भुक्कल ने ड्यूटी के बाद भी अपनी जिम्मेदारी निभाकर समाज में अच्छा संदेश दिया

### लोकतंत्र के सबसे बड़े हथियार के बारे में हाथों में बैनर लेकर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

छोरा हो या छोरी, सबका वोट जरूरी। हमारी वोट, हमारी ताकत। भूल नहीं दोहराएंगें, वोट जरूर बनवाएंगें। इस तरह के स्लोगन लिये दो दूल्हे और उनकी दूल्हन अपनी ही शादी की रिसेपशन में लोगों को जागरूक कर रही थी। लोकतंत्र के लिए जरूरी संदेश देने वाला ये शादी समारोह सोनीपत में हुआ। पहले भी सामाजिक संदेश देते हुए लोगों ने अपनी शादी में अनूठे प्रयोग किए हैं। लेकिन यहां लोगों को उनके सबसे बड़े अधिकार और लोकतंत्र के लिए सबसे बड़े हथियार के बारे में जागरूक किया गया। यहां दोनों दूल्हे चुनाव तहसीलदार राजेंद्र सिंह भुक्कल के बेटे हैं। बतौर चुनाव तहसीलदार राजेंद्र सिंह भुक्कल ने ड्यूटी के बाद भी अपनी ड्यूटी निभाकर समाज में अच्छा संदेश दिया।

गुड़गांव में चुनाव तहसीलदार के तौर पर कार्यरत राजेंद्र सिंह भुक्कल मूल रूप से सोनीपत में रह रहे हैं। उन्होंने अपने बड़े बेटे प्रवेश की शादी भिवानी तो छोटे बेटे नितेश की शादी दिल्ली में की थी। शादी के बाद दोनों बेटों की शादी का रिसेप्शन मंगलवार को सोनीपत में गोहाना बाईपास स्थित एबैंक्वेंट हॉल में रखा गया था। इस समारोह से पहले ही राजेंद्र सिंह भुक्कल अपना मन बना चुके थे कि बेटों की शादी में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को रिसेप्शन के दौरान दोनों बेटों, उनकी दुल्हनों और उनके परिवार के सहित राजेंद्र सिंह ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान तीनों परिवारों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां उठाकर लोगों को मतदान के लिये प्रेरित किया। इस दौरान उनकी मदद सोनीपत की चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक व पानीपत की चुनाव तहसीलदार सुदेश ने की।




**सोनीपत।** शादी समारोह में मतदान के लिये प्रेरित करते नवविहिता जोड़ा साथ में परिजन। *फोटो : हरिभूमि*

#### होंगे सम्मानित

राजेंद्र सिंह भुक्कल गुरुग्राम में चुनाव तहसीलदार के पद पर कार्यरत हैं। उन्हीं के अंतर्गत सोहना विधानसभा भी आती है। नई वोटर लिस्ट में उल्लेखनीय काम करने के लिये प्रदेश सरकार ने इस बार सोहना विधानसभा को प्रथम चुना है। ऐसे में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी यानि की वीरवार को राजेंद्र सिंह भुक्कल सोहना विधानसभा के प्रथम आने पर कुरुक्षेत्र में सम्मानित होने जा रहे हैं।

#### खूब सराहा

राजकीय प्राथमिक पाठशाला, कालूपुर में शिक्षक राकेश रंगा ने बताया कि वे राजेंद्र सिंह भुक्कल के दोस्त हैं। राजेंद्र सिंह अपनी ड्यूटी के प्रति पूरी तरह से कर्तव्यनिष्ठ हैं। इसके लिये वे ना तो कार्यक्षेत्र देखते और ना ही जगह देखते, जहां मौका मिलता है, वहां पर लोगों को जागरूक करते हैं। उन्होंने शादी समारोह में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की बात की थी। इसके बाद जब उन्हें उत्साहित किया गया तो फिर इस काम में सफल भी हो गए। राकेश रंगा ने बताया कि रिसेप्शन में आने वाले लोगों ने इस प्रयास को खूब सराहा था।

---



**गोहाना।** नारियल फोड़ कर गली निर्माण का शुभारंभ करते हुए चेयरपर्सन रजनी विरमानी। *फोटो : हरिभूमि*

# नप 9 लाख रुपये से जर्जर गली का निर्माण करवाएगी

■ नप की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने किया गली निर्माण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

नगर परिषद (नप) द्वारा वार्ड 10 की दरियापुर बस्ती में जर्जर हो चुकी गली का 9 लाख रुपये की लागत से नवनिर्माण करवाया जाएगा। बुधवार को नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने नारियल फोडकर गली निर्माणकार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड की नगर पार्षद सुमन देवी ने की।

दरियापुर बस्ती में गली की हालत जर्जर होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी। लोगों की सुविधा के अब नगर परिषद द्वारा गली का नवनिर्माण करवाया जाएगा। चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि नगर परिषद द्वारा शहरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से विकासकार्य करवाए जा रहे हैं। लोगों को किसी सुविधा भी सुविधा की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस अवसर पर जेई अंकित धनखड़, संजय सैनी, पार्षद जतीश कपूर, सोनू कुमार, नरेंद्र कुमार,संदीप, अमित, यश शर्मा, दीपक, कविता, सोनिया, रोशनी बबली और कांता उपस्थित रहे।

### पोस्टर मेकिंग कम्पीटिशन में अंजलि अव्वल



**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय के लीगल लिटरेसी सेल के तहत नेशनल गर्ल चाइल्ड डे सेलिब्रेट के उद्देश्य से एक पोस्टर मेकिंग कम्पीटिशन का आयोजन किया गया। छात्राओं ने दहेज प्रथा को खत्म करने,कन्या भ्रूण हत्या न करने व बालिकाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने जैसे विषयों को ध्यान में रखकर पोस्टर्स बनाए। इस प्रतियोगिता में बी ए 1 की अंजलि ने प्रथम,बी सी ए 1 की कोमल व निशा ने द्वितीय तथा बी ए 1 की समिति व कुमकुम ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ दर्शना दहिया ने छात्राओं को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम लीगल लिटरेसी सेल की इंचार्ज डॉक्टर सारिका गुप्ता के निर्देशन में आयोजित किया गया।

---

# गर्भवतियों को फल वितरित किए

■ सांसद ने खरखौदा के जागृति स्थल में आयोजित किया जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहर के पात्र लाभार्थियों को केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं का उनके घर द्वार पर लाभ देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को खरखौदा के जागृति स्थल तथा वार्ड नंबर -9 स्थित कम्युनिटी सेंटर पहुंची। जागृति स्थल पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि सांसद रमेश कौशिक ने किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही उनका समाधान करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। वार्ड नंबर-9 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए हरियाणा एससी बोर्ड की सदस्य मीना नरवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई अनूठी स्कीम शुरू की हैं। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने गर्भवती महिलाओं को फल वितरित किए। एसडीएम डॉ० अनमोल, सुनील पांचाल, विजयपाल पांचाल, पार्षद श्याम पाल सैनी , ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी दत्त सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



**खरखौदा।** गर्भवती महिलाओं को फल वितरित करते सांसद रमेश कौशिक।

### सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग घायल




**खरखौदा।** सिसाना गांव में एक मोटरसाइकिल व कार में टक्कर हो गई, जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति घायल हो गया। सिसाना निवासी प्रेम सिंह ने बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल पर अपने खेत में जा रहा था। थोड़ी दूर पहुंचने पर खरखौदा की तरफ से आ रही कार ने उसकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजन उसे खरखौदा के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे पीजीआई रोहतक इलाज के लिए रेफर किया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# देश को विकसित बनाने में सब का सहयोग जरूरी

■ चेयरपर्सन ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनसंवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वीडियो वैन बुधवार को सेक्टर-7 स्थित कम्युनिटी सेंटर तथा महम बरोदा रोड़ स्थित बिजली घर पहुंची। गोहाना पहुंचने पर लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। गोहाना नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने बतौर मुख्यातिथि यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। चेयरपर्सन ने लोगों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए हर व्यक्ति के सहयोग की जरूरत है। इसलिए सभी मिलकर देश के उत्थान के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आमजन तक पहुंचते हुए लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने उज्जवला योजना के तहत गांवों की महिलाओं को मुफ्त में उज्जवला योजना के तहत गैस चुल्हे और सिलेण्डर वितरित किए। कार्यक्रम में खंड प्रचार कार्यकर्ता विष्णुदत्त और गन्नौर से जगदीप सिंह एंड पार्टी का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



महिलाओं को पौष्टिक आहार की थाली देते चेयरपर्सन रजनी विरमानी।

---




**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में प्रतिभागी छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### पोस्टर मेकिंग में छाई सोनिया, मुस्कान रही द्वितीय

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में वूमेन सैल और लीगल सेल के तत्वाधान में इंटरनेशनल गर्ल्स चाइल्ड डे के अवसर पर एक इंटर कॉलेज पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. संतोष राठी ने विजेता छात्राओं में पुरस्कार वितरित किए। कॉलेज प्राचार्या ने कहा की इस प्रकार की प्रतियोगिता ही समाज में जागरुकता लाती हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोनिया, द्वितीय स्थान पर मुस्कान, तृतीय स्थान पर भारती ने प्राप्त किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. हेमलता व पूनम ने निभाई। इस अवसर पर लीगल सेल की इंचार्ज डॉ. उपासना और वूमेन सेल की इंचार्ज डॉ. दिव्याश्री भी मौजूद रही।

### रोजगार मेले में 38 को मिला रोजगार




**गन्नौर।** उपमंडल रोजगार कार्यालय गन्नौर के प्रांगण में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में पुखराज हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, एलआइसी आफ इंडिया गन्नौर ब्रांच, एनआइआइटी (आईसीआईसीआई बैंक), एक्सिस बैंक व एसआईएस सिक्योरिटी आदि कई कंपनियां पहुंची। रोजगार मेले में 108 बेरोजगारों ने हिस्सा लिया। जिसमें से 38 युवाओं को ही नौकरी की पेशकश हुई, जबकि बाकी युवाओं को बैरंग ही लौटना पड़ा। रोजगार मेले में सहायक रोजगार अधिकारी मनोज ग्रोवर, अंकड़ा सहायक सतीश कुमार, मेला प्रभारी सतीश कुमार मलिक, लिपिक व कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे। *फोटोःहरिभूमि*



**सोनीपत।** उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ प्राचार्याज्ञ एवं अन्य।

### बैडमिंटन में जैन विद्या मंदिर का शानदार प्रदर्शन

**सोनीपत।** जैन विद्या मन्दिर सीनियर सैकेंडरी विद्यालय के छात्रों ने इंटर स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। यह प्रतियोगिता 20-21 जनवरी को संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में लगभग 18 विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। जैन विद्या मन्दिर सीनियर सैकेंडरी विद्यालय के छात्रों अर्पित और अक्षय ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। लक्ष्य, दीपांशु, आलोक, हर्ष और शिवांग ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने कौशल का परिचय दिया। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, उपप्रधान पवन जैन, सचिव शशि भूषण जैन व प्राचार्या डा. नीरू ने इन सभी छात्रों के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी व उनके अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

पदक विजेताओं को भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने किया सम्मानित

# राष्ट्रीय ओपन मुक्केबाजी में गोहाना ने जीते 5 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राष्ट्रीय ओपन मुक्केबाजी चैंपियनशिप में गोहाना बॉक्सिंग अकादमी के मुक्केबाजों के मुक्के खूब बरसे। अकादमी के खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में 1 स्वर्ण सहित 5 पदक जीत कर अपने मुक्के का दम दिखाया। बुधवार को पदक विजेताओं को भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण बड़ौक ने बतौर मुख्यातिथि सम्मानित करते हुए के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाराष्ट्र के पुणे में 3 से 19 जनवरी तक राष्ट्रीय ओपन मुक्केबाजी चैंपियनशिप आयोजित की गई। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के तत्वावधान में यह चैंपियनशिप बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा करवाई गई। अकादमी के बॉक्सिंग कोच विकास मलिक के अनुसार चैंपियनशिप में निखिल ने 80 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक, हिमांशु ने 63 किलोग्राम भारवर्ग और निशा ने 50 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक झटके।

हर्ष ने 57 किलोग्राम भारवर्ग और रितिका ने 52 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक अपने नाम कर लिए। सम्मान समारोह में अनिल पूनिया, अजय सैनी, बलराज, वतन मलिक, जोगेंद्र, मनोज और सुंदर उपस्थित रहे।



पदक विजेताओं को सम्मानित करते भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण बड़ौक।

### जूडो में स्वर्ण पदक विजेता गरिमा को किया सम्मानित



**सोनीपत।** कांग्रेस के युवा जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने जूडो में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी गरिमा को उनके निवास स्थान पर पहुंचकर सम्मानित किया। उन्होंने गरिमा के उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दे कि लुधियाना में 5 से 11 जनवरी तक स्कूली नेशनल गेम्स का आयोजन किया गया। इसमें अंडर-17 आयु वर्ग में गरिमा ने गोल्ड मेडल जीत कर सोनीपत हरियाणा का नाम रोशन किया है। जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने कहा कि गरिमा ने गोल्ड मेडल जीतकर साथी खिलाड़ियों को प्रेरणा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी को हमेशा खेल, खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार-जीत खेल का हिस्सा है, कभी भी खिलाड़ी को हार से निराश नहीं होना चाहिए। निरंतर अभ्यास करने वाला खिलाड़ी ही जीवन में हमेशा सफल होता है। एक खिलाड़ी के हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर रहना चाहिए। ललित पंवार ने मेडल पहनाकर गरिमा को सम्मानित किया।

# लोगों को कांग्रेस की नीतियां बताई

■ सेवली में एडवोकेट संजय आंतिल की अध्यक्ष में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

सेवली गांव में कांग्रेस नेता एडवोकेट संजय आंतिल प्रधान की अध्यक्ष में घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। एडवोकेट संजय आंतिल ने कहा कि मौजूदा सरकार धर्म और जाति के नाम पर लोगो की गुमराह कर रही है, यह बहुत ही निन्दनीय है। आज प्रदेश में लोगों को हुड्डा सरकार की विशेष जरूरत है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो हर मजदूर, वर्ग, जाति धर्म को साथ लेकर चलती है। आंतिल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सभी नीतियां जनता के हित में है और कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो आम आदमी का भला कर सकती है। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार से समाज का हर वर्ग दुखी है। सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है जिससे जनता में रोष है। कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। यह यात्रा अपने तय समय में अपने मुकाम तक पहुंचेगी। कार्यक्रम में हवा सिंह, सुबे सिंह नम्बरदार, अनूप, भूतपूर्व सरपंच कैप्टन बलबीर, कान्ता, रेखा, सुशीला, सुन्नी भौरिया, सुधीर मौजूद रहे।



**राई।** कांग्रेस नेता एडवोकेट संजय आंतिल ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

## खबर संक्षेप



### सामाजिक क्षेत्र में भी भूमिका निभा रही इनसो

**सोनीपत।** राठधना रोड स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जेजेपी की छात्र इकाई इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कृष्ण सरोहा के पहुंचने पर इनसो कार्यकताअरं ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर इनसो जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज इनसो प्रदेश ही नहीं अपितु देश का सबसे मजबूत और विशाल छात्र संगठन बन चुका है। इनसो राजनीतिक संगठन के साथ सामाजिक क्षेत्र में भी अग्रणीय भूमिका में रहा है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सोनीपत।** अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर गांव राठधाना के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। राठधाना ईसीएम से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी सोनीपत ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है।

जांच अधिकारी योगराज ने बताया कि उन्हें देर शाम सूचना मिली कि गांव राठधाना के पास ओवर ब्रिज के नीचे शव क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा हुआ है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। आसपास के क्षेत्र में जरूरी नमूने एकत्रित किए।

### पहले खाकी वर्दी वाले लताड़े और फिर पिलाई शिक्षकों को डांट

# देशभक्ति के संदेश के साथ सांस्कृतिक समृद्धि दर्शाते कार्यक्रमों की दी मनोहारी प्रस्तुतियां, किया रिहर्सल



सोनीपत। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थीगण। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। फुल ड्रेस रिहर्सल में परेड करते हुए हरियाणा पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। शिक्षकों को डांटते हुए एडीसी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में बुधवार को गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। रिहर्सल कुछ शिक्षकों और अधिकतर पुलिस कर्मियों के लिये खुशनुमा नहीं हुई। रिहर्सल में अव्यवस्थाओं के चलते अधिकारियों ने कर्मचारियों को जमकर फटकारा। पहले तो एडीसी ने रिहर्सल में बच्चों के देर से पहुंचने पर शिक्षकों की खिंचाई की। इसके बाद डीसीपी ने पुलिस कर्मचारियों से सुरक्षा संबंधी इंतजामों के बारे में बातचीत की तो पुलिस कर्मी पूरी तरह से जवाब नहीं दे पाए। जिसके बाद डीसीपी ने भी पुलिस कर्मचारियों को खूब लताड़ा।

बता दें कि बुधवार को पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया था। रिहर्सल के दौरान मुख्यातिथि के तौर पर एडीसी अंकिता चौधरी ने शिरकत की। अभी रिहर्सल आधी ही चली थी कि डीसीपी वीरेंद्र सांगवान ने पुलिस के अधिकारियों को बुलाकर सुरक्षा व्यवस्था के बारे में सवाल शुरू किए। जब पुलिस कर्मी जवाब नहीं दे पाए तो डीसीपी ने पुलिस कर्मियों को जमकर लताड़ा और उन्हें सही से काम करने के निर्देश दिए। एडीसी ने विद्यार्थियों के देरी से पहुंचने की वजह जानने के लिये शिक्षकों को बुलवाया।

### ड्यूटी के बजाए इधर-उधर थे पुलिस कर्मी

डीसीपी वीरेंद्र सांगवान ने रिहर्सल के दौरान जब पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा संबंधी सवाल किए थे इसी दौरान कार्यक्रम के लिये ड्यूटी लगाए गए जवानों की संख्या भी पूछी थी। मौके पर संख्या से बहुत कम पुलिस कर्मी देखकर डीसीपी ने बाकि पुलिस कर्मियों के उपस्थित ना रहने का कारण पूछा तो कोई भी जवाब नहीं दे पाया। इसी वजह से डीसीपी ने पुलिस कर्मियों को लताड़ा। मौके की बात करें तो ड्यूटी लगाने के बावजूद अधिकतर पुलिस कर्मी मैदान में ड्यूटी करने की बजाए इधर-उधर टाइमपास कर रहे थे। वहीं कई महिला कर्मी तो रिहर्सल में पहुंची भी नहीं थी।

### एसीपी नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मार्च-पास्ट

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने पुलिस लाइन में बतौर मुख्यातिथि हिस्सा लिया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने परेड का निरीक्षण किया, जिसके पश्चात परेड कमांडर एसीपी नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस के महिला-पुरुष तथा होमगार्ड के जवानों ने विद्यार्थियों के साथ मार्च पास्ट किया। परेड के उपरांत पीटी-शो का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात देशभक्ति के संदेश के साथ सांस्कृतिक समृद्धि लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, तहसीलदार जिवेंद्र मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, एईओ स्पोर्ट्स रामबीर सिंह, डा. सुभाष सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

## 1550 पुलिस कर्मी निभाएंगे ड्यूटी

**सोनीपत।** गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर जिला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जिले के 1550 पुलिसकर्मियों को सुरक्षा में लगा दिया है। सुरक्षा व्यवस्था को कड़ी करते हुए जिले की सीमाओं को भी पूरी तरह सील कर दिया गया। जिले में करीब 26 स्थानों पर पुलिस नाके लगाए गए हैं। वहीं दिल्ली व उत्तर प्रदेश की सीमाओं तथा दूसरे जिलों से लगती सीमाओं पर भी विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इन मार्गों से आने-जाने वाले वाहनों एवं संदेहास्पद व्यक्तियों की सघन तलाशी ली जा रही है।

एसीपी राहुल देव ने बताया कि 31 पीसीआर व 73 राइडर को लगातार गश्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही 26 डायल-112 की टीम भी लगातार गश्त कर रही हैं। सोनीपत शहर के साथ ही खंड स्तर पर गन्नौर, गोहाना, खरखौदा में अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया जाएगा। शहर में 10 नाके लगाए हैं। हर नाके पर 6-6 जवान तैनात रहेंगे। गोहाना रोड भारी वाहनों को नहीं निकलने दिया जाएगा। पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर दिल्ली व यूपी की सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा में किसी तरह की कोताही सहन नहीं की जाएगी।

### दिल्ली में एंट्री बंद सोनीपत ने की व्यवस्था

नेशनल हाईवे पर 25 जनवरी की शाम से भारी वाहनों को दिल्ली में नहीं जाने दिया जाएगा। भारी वाहनों की पार्किंग के लिए कुंडली औद्योगिक क्षेत्र, राई एजुकेशन सिटी व गन्नौर की अंतरराष्ट्रीय फल-सब्जी मंडी में व्यवस्था की गई है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का सम्मान समारोह 30 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

वरिष्ठ भाजपा नेता नायब सैनी पार्टी प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार 30 जनवरी को गोहाना पहुंचेंगे। गोहाना में उनके सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित होगा। इस दौरान वे यहीं रैली को भी संबोधित करेंगे। सम्मान समारोह और रैली दोनों एक साथ आयोजित होंगे। रैली के लिए संयोजन भाजपा जिला महामंत्री परमवीर सैनी का रहेगा।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर बुधवार को भाजपा नेताओं ने पार्टी गोहाना मंडल के अध्यक्ष समित कक्कड़ के कार्यालय पर बैठक की। जिला महामंत्री परमवीर सैनी, पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना, जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत उर्फ राजू विरमानी, जिला उपाध्यक्ष ठेकेदार वीरेंद्र आर्य, जिला उपाध्यक्ष अरुण बड़ौक, जिला उपाध्यक्ष बलराम कौशिक, वरिष्ठ नेता जगबीर जैन और नरेश चानना आदि मौजूद थे।




गोहाना। जानकारी देते हुए जिला महामंत्री परमवीर सैनी, साथ में हैं इंद्रजीत विरमान व अन्य नेतागण।

## मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल में रग्बी सब जूनियर प्रतियोगिता 28 जनवरी से

राई। मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल में 28 जनवरी से राज्य स्तरीय रग्बी सब जूनियर प्रतियोगिता का शुभ आरम्भ होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों के करीबन 450 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। रग्बी फेडरेशन के अध्यक्ष सविंदर डबास ने मोतीलाल खेल स्कूल राई के निदेशक कर्नल अशोक मोर से मुलाकात की। कर्नल मोर ने खास बातचीत में बताया कि रग्बी यूनियन दुनिया भर में एक लोकप्रिय खेल है, जिसे लोग उम्र या आकार की परवाह किए बिना खेलते हैं। 2023 में, दुनिया भर में 10 मिलियन से अधिक लोग खेल रहे थे, जिनमें से 8.4 मिलियन पंजीकृत खिलाड़ी थे। विश्व रग्बी , जिसे पहले अंतर्राष्ट्रीय रग्बी फुटबॉल बोर्ड (आईआरएफबी) और अंतर्राष्ट्रीय रग्बी बोर्ड (आईआरबी) कहा जाता था, 1886 से रग्बी यूनियन के लिए शासी निकाय रहा है, और वर्तमान में 116 देश पूर्ण सदस्य और 18 सहयोगी सदस्य हैं।



राई। रग्बी फेडरेशन के अध्यक्ष सविंदर डबास ने मोतीलाल खेल स्कूल राई के निदेशक कर्नल अशोक मोर से मुलाकात करते हुए।

## देश में हो गया रामराज्य का सूत्रपात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

भाजपा के पूर्व जिला महासचिव राजकुमार प्रिंस ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अब एक बार फिर देश व प्रदेश में रामराज्य का सूत्रपात हो गया है। वह समय अब दूर नहीं है जब देश का हर नागरिक खुशहाल होगा। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाएं कतार के अंतिम व्यक्ति तक भी पहुंच रही है। यही भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मुरथल रोड स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा नेता राजकुमार प्रिंस ने कहा कि राम मंदिर निर्माण से देशवासियों को नई ऊर्जा मिल गई है। कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने तुष्टिकरण की नीति अपनाकर देश का बड़ा नुक्सान किया है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। मोदी की मजबूत सरकार बड़े फैसले लेने में सक्षम है।



सोनीपत। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते भाजपा नेता राजकुमार प्रिंस।

## सात दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में कार्यवाहक प्राचार्या किरण सरोहा के निर्देशन में प्लेसमेंट समिति द्वारा सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला रोजगारपरकता और उद्यमिता विषय पर आधारित रही । जिसका आयोजन 15 से 24 जनवरी तक किया गया। इस दौरान प्रातः कालीन और सायंकालीन दो-दो सत्र आयोजित किए गए। प्रातः कालीन सत्र रोजगारपरकता पर आधारित रहा। जिसमें प्रमुख भूमिका गैर सरकारी संगठन मैजिक बस पानीपत ने निभाई। सायंकालीन सत्र उद्यमिता पर आधारित रहा। इस कार्यशाला के प्रशिक्षकों में डॉ विनीता आहूजा सहायक प्राध्यापक बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, विजय सरोहा अध्यक्ष एफपीओ, संदीप सिंह उद्यमी, भावना प्लेसमेंट प्रशिक्षक ने अपनी प्रभावी भूमिका निभाई।



खरखौदा। विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देते प्राचार्या किरण सरोहा।

## पेयजल लाइन बिछाने में लापरवाही पर ग्रामीणों का आक्रोश

**सोनीपत।** गांव तिहाड़ कला में पब्लिक हेल्थ द्वारा पीने के पानी के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन के विरोध में ग्रामीणों ने बुधवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों का नेतृत्व करते हुए जिला पार्षद संजय बड़वासनिया व सरपंच पवन ने कहा कि गांव में पाइप लाइन बिछाते समय कई घर छोड़ दिए गए। उन्होंने बताया कि पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी ने गड्ढे खोदकर फिर उन्हें बंद कर दिया और कई गलियों में पाइपलाइन बिछाने के लिए मना कर दिया। जिससे काफी घर पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं, ग्रामीण काफी दूर से पानी लेकर आ रहे हैं। बीपीएल परिवारों के मकान छोड़ दिए गए, जिसके कारण बीपीएल परिवारों का प्रशासन के खिलाफ भारी रोष है। संजय बड़वासनिया ने कहा कि अगर भेदभाव यूं ही बढ़ता गया तो उसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारी समस्या का समाधान करें और भेदभाव की बजाय सभी को साथ लेकर चलने का काम करें। इस अवसर पर विक्की पंचायत, सुनील, संदीप, जोगेंद्र, रामवीर, मीनू, स्नेहलता, शकुंतला आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। गांव तिहाड़ कलां में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

## एचआईवी के बारे में किया जागरूक



सोनीपत। गांव जगदीशपुर में नुक्कड़ नाटक करते कलाकार।

**सोनीपत।** जगदीशपुर गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी-एड्स के बारे में जागरूकता फैलाई। इस दौरान नागरिक अस्पताल से काउंसलर जितेंद्र कुमार की मौजूदगी में मौके पर 43 ग्रामीणों की एचआईवी की जांच की। सभी नॉन-रिएक्टिव पाए गए। इस मौके पर ग्राम पंचायत जगदीशपुर की सरपंच पुष्पा देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि जानकारी ही एचआईवी से बचाव करवा सकती है और बचाव ही इस बीमारी का इलाज है। सभी लोग इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक हों।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन ने किया स्वागत

# शिवम ने ताइक्वांडो में जीता गोल्ड




सोनीपत। साउथ पॉइंट स्कूल की सीईओ भावना कालरा के साथ पदक दिखाता शिवम।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

साउथ पॉइंट स्कूल के खिलाड़ी शिवम ने फर्स्ट कारमेल कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2024 में दमदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। बुधवार को स्कूल पहुंचने पर पदक विजेता का साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने विजेता को मेडल जीतने की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि फर्स्ट कारमेल कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप गुरुग्राम के सेक्टर-7 स्थित कार्मेल इंटरनेशनल स्कूल में 20 जनवरी को आयोजित की गई थी। जिसमें नौवीं कक्षा के शिवम पुत्र विमल कुमार ने अंडर-51 किलोग्राम भारवर्ग में भाग लेते हुए प्रदर्शन कर स्वर्णिम पताका फहराई। स्कूल पहुंचने पर विजेता का अभिनंदन किया गया। साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, साउथ पॉइंट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने विजेता को जीत की बधाई दी।

### नेशनल एडवेंचर कैंप से लौटी स्वयंसेविका भावना



सोनीपत। कैंप में हिस्सा लेती भावना कौशिक।

सोनीपत। एनएसएस के नेशनल एडवेंचर कैंप के लिए चुनी गई जीवीएम गर्ल्ज कालेज की एनएसएस की छात्रा भावना कौशिक कैंप में हिस्सा लेकर बुधवार को कालेज लौटी। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजूला सपाह ने चयन के लिए भावना को बधाई देते हुए हर प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। जीवीएम की एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश स्थित अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टिट्यूट ऑफ माउंटेनरिंग एंड अलायड स्पोर्ट्स में नेशनल एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक (एमडीयू) के दस विद्यार्थियों को चुना गया, जिनमें जीवीएम की बीएससी नॉन मेडिकल की छात्रा भावना भी शामिल रही।

## आशियाना बचाओ संघर्ष समिति फिर करेगी आंदोलन



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

आशियाना बचाओ संघर्ष समिति की एक बैठक बुधवार को हुई। बैठक में लोगों ने प्रशासन व सरकार पर दोगली नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए रोष जताया। इस दौरान बताया गया कि प्रशासन ने धीरे-धीरे ड्रेन के किनारे लोगों के घरों को पूरी तरह से तोड़ दिया है। दायरे से बाहर के घरों पर भी बुलडोजर चलाए गए हैं। घरों के बाइर इतना रास्ता भी नहीं छोड़ा जा रहा, जहां से पैदल चला जा सके। कई घरों में शौचालय तोड़ दिए गए हैं। लोगों को संबोधित करते हुए समिति के प्रधान राज सिंह दलाल ने कहा कि यह इन लोगों की एक सोची समझी चाल है। जोकि धीरे-धीरे लोगों को भारी क्षति पहुंचा रहे हैं। हम लोग सहयोग करते-करते काफी हद तक परेशानियों में घिर चुके हैं। गंदे नाले पर रहने वाले लोगों का जीवन नर्क से भी बदतर हो चुका है। उन्होंने बताया कि आशियाना बचाओ संघर्ष समिति दोबारा सड़कों पर आएगी और सरकार के विरुद्ध आंदोलन जारी रखेगी और डिप्टी कमिश्नर को प्रशासन के विरुद्ध ज्ञापन सौंपेंगी। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के प्रेस प्रवक्ता राजकुमार राणा भी मौजूद रहे और उन्होंने भारतीय किसान यूनियन की तरफ से समर्थन देने की बात कही। संघर्ष समिति ने फैसला लिया कि 31 जनवरी 2024 को अंबेडकर पार्क से लेकर लघु सचिवालय तक प्रदर्शन किया जाएगा।